
# 3 एन्जॉय

## डिस्क प्लेबैक शुरू करें

1. डिस्क ट्रे को खोलने के लिए **ओपन/क्लोज़ ▲** दबाएँ.





2. डिस्क पर लगे लेबल वाली साइड ऊपर रखते हुए डिस्क रखें.
3. डिस्क ट्रे को बंद करने के लिए **ओपन/क्लोज़ ▲** दबाएँ.
4. प्लेबैक अपने आप शुरू हो जाता है.
5. यदि डिस्क मेनू टीवी पर दिखाई देता है, तो मेनू में ऑप्शन चुनने के लिए ◀▶▲▼ या अंकों वाले कीपैड का उपयोग करें और प्लेबैक शुरू करने के लिए **ओके** दबाएँ.

- स्पीकरों से आने वाले जोरदार सराउंड साउंड का मज़ा लेना है, तो मल्टी-चैनल सराउंड मोड को ऑन करने के लिए रीमोट कंट्रोल पर बने **सराउंड** ऑन को दबाएँ.

6. प्लेबैक बंद करने के लिए ■ दबाएँ.

**नोट :** जब आप ▶II बटन दबाएँगे, तो प्लेबैक जहाँ पर अंतिम बार बंद हुआ था, वहीं से शुरू होगा. प्लेबैक को नए सिरे से शुरू करने के लिए, आपको I◀ दबाना होगा.




## रेडियो सुनें

1. **रेडियो** दबाएँ.
डिसप्ले पैनल पर 'ऑटो इनस्टॉल प्रेस प्ले' दिखाई देगा.
2. ▶II दबाएँ..
जबरदस्त रिसेप्शन सिग्नल के साथ सभी उपलब्ध रेडियो स्टेशन अपने आप स्टोर हो जाएँगे.
3. पूरा हो जाने के बाद, प्रीसेट रेडियो स्टेशन चुनने के लिए I◀/▶I दबाएँ.

## समस्या समाधान

ज्यादा समस्यावाली बातों के लिए, हमारी निर्देश पुस्तिका देखें.

पिक्चर का न आना
- रीमोट कंट्रोल पर डिस्क दबाएँ.
- टीवी के कनेक्शन की जाँच करें और पुष्टि करें कि प्लग अपनी जगह पर अच्छी तरह लगे हैं.

आवाज़ का न होना
- स्पीकर के कनेक्शन और सेटिंग्स की जाँच करें.
- ऑडियो कनेक्शन को जाँचें और सही इनपुट सोर्स चुनने के लिए सोर्स दबाएँ.
- मल्टी-चैनल सराउंड आउटपुट को ऑन करने के लिए सराउंड दबाएँ.

मेन युनिट काम नहीं कर रही.
- कुछ मिनटों के लिए पॉवर कॉर्ड को पॉवर आउटलेट से डिसकनेक्ट कर दें. पॉवर कॉर्ड को फिर से जोड़ें और एक बार फिर कोशिश करें.

## मदद चाहिए?

निर्देश पुस्तिका
फिलिप्स DVD होम थिएटर सिस्टम के साथ आई हुई निर्देश पुस्तिका को देखें.

ऑनलाइन
www.philips.com/welcome पर जाएँ.

जिम्मेदार बनें
कॉपीराइट्स का सम्मान करें

PHILIPS
2007 © Koninklijke Philips N.V.
All rights reserved.
www.philips.com

**DVD** होम थिएटर सिस्टम


HTS3000
HTS3010

# क्विक स्टार्ट गाइड





1 कनेक्ट
2 सेट अप
3 एन्जॉय


## बॉक्स में क्या है?





मेन युनिट




रीमोट कंट्रोल और 2 बैटरियाँ




कॉम्पोज़िट वीडियो केबल



1 सेंटर, 2 फ्रंट, 2 रियर स्पीकर्स और सबवूफर




FM वायर एंटीना



AM/MW लूप एंटीना




पॉवर केबल

PHILIPS

# 1 कनेक्ट


## A प्लेसमेन्ट (सही जगह रखना)

आवाज़ की बढ़िया परफॉर्मेन्स सुनिश्चित करने के लिए स्पीकर सिस्टम को सही जगह पर रखना महत्वपूर्ण है.




1. सेंटर स्पीकर को टीवी के ऊपर या पास रखें.
2. सबवूफ़र को टीवी से कम से कम एक मीटर दूरी पर ज़मीन पर रखें.
3. फ्रंट स्पीकरों को टीवी से समान दूरी पर रखें.
4. रियर स्पीकरों को कान के सामान्य स्तर पर रखें.

## B मेन युनिट को टीवी से जोड़े





- मेन युनिट के CVBS सॉकिट से कॉम्पोज़िट वीडियो केबल को अपने टीवी पर **वीडियो इन** सॉकिट से जोड़ें.

**नोट:** मेन युनिट को आपके टीवी के साथ सीधे जोड़ना महत्वपूर्ण है.


## C स्पीकरों और सबवूफ़र को जोड़ें

स्पीकरों और सबवूफ़र में से निकले हुए अलग अलग रंगों के प्लगों को मेन युनिट के पिछले हिस्से में उसी रंग के सॉकिट से जोड़ें.




## D रेडियो एंटीनों को जोड़ें


अनचाही बाधाओं से बचने के लिए एंटीनों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से दूर रखें.




1. FM एंटीना को एफएम 75Ω सॉकिट के भीतरी (इनर) पिन से जोड़ें. इसके बढ़िया रिसेप्शन के लिए, वायर को बढ़ाएँ और इसके सिरे को दीवार पर लगा दें.
2. AM/MW लूप को खोलें और क्लॉ को स्लॉट में लगा दें. टैब्स को दबाएँ और वायरों को AM/MW सॉकिटों में डाल दें.
3. मेन युनिट से निकलने वाली पॉवर केबल को एसी पॉवर आउटलेट में जोड़ें.

## E टीवी के ऑडियो आउटपुट को जोड़ें (विकल्प)

इस होम थिएटर सिस्टम के माध्यम से टीवी ऑडियो सुनने के लिए, मेन युनिट पर ऑडियो इन–टीवी सॉकिटों को अपने टीवी के ऑडियो आउट सॉकिटों से जोड़ने के लिए लाल और सफेद केबलों (सप्लाय नहीं की गई हैं) का उपयोग करें.





**नोट :** टीवी कार्यक्रमों को देखते समय साउंड आउटपुट को स्पीकर सिस्टम से पाने के लिए रीमोट कंट्रोल पर टीवी दबाएँ.

# 2 सेट अप

## A देखने वाले चैनल को खोजना


1. इसे ऑन करने के लिए मेन युनिट के ⏻ को (स्टैंडबाय ऑन) दबाएँ.
2. टीवी को ऑन करें. देखने वाले सही चैनल को चुनने के लिए टीवी के रीमोट कंट्रोल का उपयोग करें.




**नोट :** देखने वाले सही चैनल (सही व्यूइंग चैनल) को खोजने के लिए, चैनल में वीडियो दिखाई देने तक टीवी के रीमोट कंट्रोल पर चैनल डाउन बटन (या एवी, ⊕ बटन चुनिए) को बार बार दबाएँ.

## B स्क्रीन पर डिसप्ले भाषा चुनिए

1. **सेट अप** दबाएँ
{साधारण सेट अप} पेज दिखाई देता है.




2. {OSD भाषा }चुनने के लिए ▼ दबाएँ और फिर ▶ दबाएँ.
3. मेनू में भाषा के ऑप्शन को चुनने के लिए ▼ और ▲ दबाएँ और पुष्टि के लिए **ओके** दबाएँ.
4. बाहर आने के लिए **सेट अप** दबाएँ.

**नोट :** यहाँ पर दी गई भाषा का सेट सिर्फ इस होम थिएटर सिस्टम को ऑपरेट करते समय टीवी पर दिखाए जाने वाले मेनू के लिए हैं, ये DVD डिस्क मेनू के लिए नहीं है.

इस होम थिएटर सिस्टम पर बहुत से सेट अप ऑप्शन (ऑडियो सेट अप, वीडियो सेट अप, प्रेफ़्रेंस सेट अप) उपलब्ध हैं. ज्यादा जानकारी के लिए निर्देश पुस्तिका को पढ़ें.